
# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या मामला: प्रदेशभर में राजपूत समाज में फैला आक्रोश

**चूरू, अलवर, उदयपुर, बीकानेर, सादुलपुर सहित कई जिलों में उग्र प्रदर्शन, राजपूत समाज ने आज उदयपुर बंद का आव्हान किया**

## राजपूत समाज ने हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया



श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में उदयपुर में राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया।

**उदयपुर,** (कासं)। जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या के विरोध में उदयपुर में राजपूत समाज ने जिला कलेक्ट्री पर उग्र विरोध प्रदर्शन किया और बुधवार को उदयपुर बंद का आव्हान की घोषणा की।

मंगलवार को जयपुर में कुछ बदमाशों ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह

- **सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या की निन्दा करते हुए बजरंग सेना मेवाड़ के प्रमुख कमलेन्द्र सिंह पंवार ने विरोध जताया**

गोगामेड़ी की घर में गोली मारकर हत्या हत्या कर दी। हत्या की निन्दा करते हुए राजपूत समाज ने शाम कलेक्ट्रेट पर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इससे पहले कोर्ट चौराहे पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इसके बाद वे कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। प्रदर्शकारियो हत्यारों को शिघ्र गिरफ्तार कर सजा देने की मांग करते हुए बुधवार को सम्पूर्ण उदयपुर बंद का भी आव्हान करते हुए व्यपारियो से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की। बजरंग सेना मेवाड़ के प्रमुख कमलेन्द्र सिंह पंवार ने भी विरोध जताते हुए कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाया और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की ।

**बजरंग सेना मेवाड़ ने जताया विरोध :-** जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी गोली मारकर हत्या की निन्दा करते हुए बजरंग सेना मेवाड़ के प्रमुख कमलेन्द्र सिंह पंवार ने विरोध जताया और कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। विरोध प्रदार्शन में सुनील कालरा, रमेश वसीटा, मुकेश सिंह रावत एवं ऋषभ सिंह गहलोत भी उपस्थित थे।

## न्यांगली, धोलिया, महलाना में गोगामेड़ी हत्या मामले में कार्यकर्ताओं ने रोष जताया



करणी सेना के सुप्रीमो सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या मामले में क्षेत्र में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

**सादुलपुर,** (निसं)। करणी सेना के सुप्रीमो सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या मामले में क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में रोष जताते हुए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने चैनपुरा बड़ा, धोलिया, महलाना तथा तारानगर सड़क पर स्थित टोल

- **कार्यकर्ताओं में रोष जताते हुए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया**
- **प्रदर्शन के दौरान सड़क पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से वार्ता की**

नाके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही भादरा, सिद्धमुख सड़क पर स्थित चैनपुरा बड़ा गांव में सड़क पर ईंट, पत्थर डालकर सड़क को जाम कर दिया तथा नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने चैनपुरा बड़ा गांव में हनुमानगढ़ डिपो की राजस्थान परिवहन निगम की बस को रोकने का प्रयास किया गया तथा पत्थर फेंकने से एक बस के शीशे भी क्षतिग्रस्त हो गए। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं से वार्ता की तथा जिला पुलिस प्रशासन की ओर से आश्वासन मिलने पर सड़क जाम खोल दिया गया। इसके बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। इसी प्रकार तारानगर सड़क पर गांव न्यांगली, धोलिया, महलाना गांव सहित टोल नाके पर गांव के ग्रामीणों तथा करणी सेना कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम का विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही राजगढ़ थानाधिकारी सुभाष चंद्र ढील मौके पर पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं से वार्ता की एवं उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद न्यांगली व चैनपुरा बड़ा गांव में सड़क जाम खोल दिया गया।

## गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में अलवर में भी प्रदर्शन



अलवर के प्रमुख नंगली का चौराहे पर राजपूत समाज के लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

**अलवर,** (निसं)। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में अलवर का राजपूत समाज भी सड़कों पर उतर आया। अलवर के प्रमुख नंगली का चौराहे पर राजपूत समाज के लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

गोगामेडी हत्याकांड के बाद राजपूत समाज में रोष व्याप्त है और वे अपराधिकयों को तुरंत गिरफ्तार कर आरोपियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तेदी से मौके पर पहुंचा।

## करणी सेना ने चूरू के बाजार बंद रखने का ऐलान किया

**चूरू एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने शांति बनाए रखने की अपील की**

**चूरू,** (कासं)। करणी सेना ने चूरू के बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। वहीं चूरू एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने की शांति बनाए रखने की अपील की है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू प्रवीण नायक नूनावत आईपीएस ने बताया कि राजधानी जयपुर के श्याम नगर क्षेत्र में फायरिंग की घटना में अज्ञात हमलावरों द्वारा सुखदेव सिंह गोगामेडी अध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की हत्या करने की सूचना प्राप्त हुयी है। घटना के संबंध में राजस्थान पुलिस द्वारा विभिन्न टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश की जा रही है व अतिशीघ्र घटना में शामिल आरोपियों को दस्तयाब करने हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से विन्रम अपील की गई है कि सभी शांति बनाये रखें व जितना संभव हो कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उधर करणी सेना ने छह दिसम्बर को चूरू के बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। सर्व समाज के लोग सवेरे नौ बजे इन्द्रमणि पार्क मे एकत्रित होंगे।

## विप्र सेना ने हत्या की निंदा की

**उदयपुर,** (कासं)। विप्र सेना ने राष्ट्रीय करणी सेना अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या पर कड़ी निंदा की है। विप्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा व प्रदेश महामंत्री गोविंद दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामाजिक नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को घर में घुसकर कुछ व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है जिससे सम्पूर्ण राजपूत समाज व सर्व ब्राह्मण समाज को एक सामाजिक नेता की बड़ी क्षति हुई है। विप्र सेना सरकार व प्रशासन से मांग करती है कि हत्यारों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द कर कड़ी सजा दी जाए। इस दौरान विप्र सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अजमेर में पुलिस अलर्ट, ए श्रेणी की जांच शुरू

**रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड सहित सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस सतर्क**

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके निवास पर गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद अजमेर जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है। जिला पुलिस ने अजमेर के सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में नाकेबंदी कर ए श्रेणी की जांच एवं तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों को रोक कर उनकी तलाशी ली जा रही है। जगह-जगह होटल व अन्य ठिकानों पर जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने निगरानी बड़ा दी है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। सुखदेव सिंह की हत्या के बाद प्रदेश भर में राजपूत समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जगह-जगह से जयपुर कूच की सूचनाएं सोशल मीडिया पर चल रही है। सुखदेव सिंह की दोपहर उनके निवास पर हत्या कर दी गई थी। इस प्रकरण में सुखदेव सिंह के निजी गार्ड को भी गोली लगी थी। वह घायल हो गया जबकि हत्या करने के इरादे से आए तीन में से एक साथी की भी गोली लगने से मौत हो गई। मामले की गंभीरता को लेकर प्रदेश भर में पुलिस को अलर्ट कर दिया है।

## सामाजिक विज्ञान विषय का परिणाम जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के सामाजिक विज्ञान विषय का परिणाम जारी किया गया। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त विषय की विचारित सूची 31अगस्त 2023 को जारी की गई थी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से करवाई गई। पात्रता जांच उपरांत संबंधित सेवा नियमानुसार टीएसपी क्षेत्र के 313 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के 1292 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## अज्ञात वाहन ने तीन महिलाओं को कुचला, मौत

**हलैना,** (निस)। जयपुर नेशनल हाइवे स्थित हलैना थाना के गांव झालाटाला के पास एक ढाबा के सामने एक अज्ञात वाहन ने फोरलेन को क्रास कर रही तीन महिलाओं को कुचल दिया। ये महिलाएं उत्तरप्रदेश के बुलन्दशहर से जयपुर के पास आयोजित भोले बाबा के नारायण साकार हरी सत्संग में भाग लेने आ रही थी। सूचना पर थाना प्रभारी नरेश पोषवाल मय जाप्ता के हादसा स्थल पहुंचे,लेकिन टोल वसूल कम्पनी व एनएचएआई की सुरक्षा टीम एवं एम्बूलेंस मदद को नहीं आई, जिसको लेकर लोगों नाराजगी प्रकट की।

थाना प्रभारी नरेश पोषवाल ने बताया कि सुबह करीब 4:30 बजे एक जने ने जयपुर नेशनल हाइवे के गांव झालाटाला निकट महेश ढाबा के पास हादसे की सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही मय जाब्ता के हादसा स्थल पहुंचे और फोरलेन सड़क पर तीन महिलाए मृतक हालत मिली,जहां मृतक महिलाओं के अन्य साथी भी मिले, जिन्होने बताया कि मृतक महिलाएं एव हम लोग उत्तरप्रदेश प्रान्त के बुलन्दशहर से एक बस से जयपुर भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। बस में करीब 65 सवारी सवार थी, रास्ता में जलपान एवं लघुशंका करने के लिए हलैना थाना के गांव झालाटाला के पास रूक गए। बस में सवार कुछ महिलाए लघुशंका करने को फोरलेन क्रास कर रही थी। अचानक एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें तीन महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, शेष 15 महिलाएं बाल-बाल बच गई। थाना प्रभारी नरेश पोषवाल ने बताया कि मृतक महिलाएं बुलन्दशहर जिले की निवासी है। पुलिस ने मृतक महिलाओं के परिजनों को सूचना दी और तीनों शवों को हलैना के मुर्दाघर में रखवा दिया। उन्होंने बताया कि हादसा में उत्तरप्रदेश प्रान्त के बुलन्दशहर जिले के गांव खदाना निवासी मुन्नीदेवी पत्नी रोशन सिंह जाटव, गांव राजपुर थाना अनूपशहर निवासी सरोज देवी पत्नी हरप्रसाद जाटव एवं इसी गांव निवासी विमलेश देवी पत्नी लालाराम जाटव ने दम तोड़ दिया। सभी मृतक महिलाओं का पोस्टमार्टम करा शव परिजन एवं उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए।

## दोहरीकरण कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मण्डल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज- जफराबाद रेलखण्ड पर शाहगंज-बिलवाई-तुलसी नगर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन इण्टरलॉकिग कार्य किया जा रहा है। इस कारण इस खण्ड की रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाडी संख्या 15716, अजमेर-किशनगंज रेलसेवा जो 7 दिसम्बर, 11 दिसम्बर, 12 दिसम्बर व 14 दिसम्बर को अजमेर स्टेशन से प्रस्थान करेगी। वह परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-छपरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15715, किशनगंज-अजमेर रेलसेवा जो 8, 10 दिसम्बर, 12 दिसम्बर व 15 दिसम्बर को किशनगंज से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग वाया छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी-लखनऊ होकर संचालित होगी।

## राशन के 757 क्विंटल गेहूं का गबन किया

- **उपभोक्ताओं की ओर से की गई शिकायत पर रसद विभाग की ओर से जांच में गबन का खुलासा हुआ**
- **निर्धारित समय में राशन का गेहूं जमा नहीं कराने पर बिछीवाड़ा लैंप्स व्यवस्थापक और सेल्समैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज**

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा लैंप्स व्यवस्थापक और सेल्समैन द्वारा गरीबों के राशन के गबन का मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं की ओर से की गई शिकायत पर रसद विभाग की ओर से जांच में 757 क्विंटल गेहूं के गबन का खुलासा हुआ है। विभाग के नियम से गबन किए गेहूं को जमा नहीं करवाने पर व्यवस्थापक और सेल्समैन के खिलाफ बिछीवाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की ओर से बिछीवाडा लेम्पस और उसके अधीन धामोद सेंटर पर राशन के गेहूं का समय पर वितरण नहीं होने की शिकायत मिली थी। इस पर रसद विभाग की ओर से बिछीवाड़ा लैम्पस और उसके अधीन धामोद सेन्टर के स्टॉक की जांच की गई। जांच के दौरान विभाग को धामोद सेन्टर पर स्टॉक के मुकाबले 293 क्विंटल गेहूं कम मिला। वहीं बिछीवाडा लेम्पस के स्टॉक की जांच में 464 क्विंटल गेहूं कम मिला। दोनो सेन्टरपर कुल 757 क्विंटल गेहूं कम मिला। जिसके बाद दोनो सेंटरों सेंटर्स का लाईसेंस निलम्बित किया गया। वही बिछीवाडा लैम्पस व्यास्थापक छगनलाल पटेल व सेल्समैन अमरसिंह को विभाग के नियमानुसार गबन किए गेहूं को जमा करवाने का समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय पर भी गबन किए गेहूं को जमा नहीं करवाने पर रसद विभाग ने दोनो के खिलाफ बिछीवाड़ा थाने में गबन का मामला दर्ज करवाया गया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सिलेंडर भरे ट्रक में धुआं निकलने से हड़कंप




फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पानी डाला।

**पावटा,** (निसं)। जयपुर से ट्रक में गैस सिलेंडर भरकर कोटकासिम जाते समय मंगलवार शाम में नेशनल हाइवे 48 पर प्रागपुरा थाने के पास एक सिलेंडर लीकेज हो गया। पीछे चल रहे वाहन चालक ने बताया तो ट्रक चालक ने सड़क पर एक तरफा ट्रक खड़ा करके प्रागपुरा पुलिस थाने पहुंचा। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने फायर बिग्रेड को फोन किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने स्थिति पर पाया काबू पाया।

## परिचित से मिलने गई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

- **पुलिस थाने पहुंच पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया**
- **पीड़िता का कहना है कि यदि आरोपी उसके सामने आएंगे तो वह उनको पहचान लेगी**

**बीकानेर,** (निसं)। अपने परिचित से मिलने के लिए श्रीडूंगरगढ़ पहुंची एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच श्रीडूंगरगढ़ सीओ कर रहे है। पीड़ित महिला का कहना है कि यदि आरोपी उसके सामने आएंगे तो वह उनको पहचान लेगी।

जानकारी के अनुसार पीड़िता बीकानेर से अपने परिचित से मिलने उसकी ढाणी जाने के लिए एक दिसम्बर को रात को तकरीबन आठ बजे श्रीडूंगरगढ़ के घूम चक्कर पर बस से उतरी। उसको अपने परिचित की ढाणी जाना था। इसी दौरान दो जने उसके पास पहुंचे। जिन्होंने अपना नाम राधे व राजू बताया। इन दोनों ने पीड़िता को उसके परिचित को जानने की बात कहीं। इस पर पीड़िता ने इन दोनों पर विश्वास कर लिया। ये दोनों पीड़िता को टैक्सी में बिठाकर लेर गए। जहां एक खेत में बने झोपड़े में लेकर गए और उससे कहा कि यही उसके परिचित की ढाणी है। टैक्सी चालक इनको छोड़कर चला गया। उसने अपने परिचित को फोन किया, किंतु उसका फोन नहीं लगा। इस पर दोनों ने कहा कि उन्होंने उसके परिचित को फोन कर दिया है और वे आ रहे है।

इसी दौरान इन्होंने अपने एक और साथी को खेत में बुला लिया। आरोप है कि तीनों ने उसको जान से मार देने की धमकी दी तथा तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसके अश्लील फोटो खींच लिए। आरोप है कि दुष्कर्म करने के बाद उसको मोटर साइकिल पर बिठाकर वापस घूम चक्कर पर छोड़ दिया तथा किसी को बताने पर फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जिसके चलते उस वक्त तो वह वापस बीकानेर आ गई, किंतु अगले ही दिन पुलिस थाने पहुंच पीड़िता ने आपबीती सुनाते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया।

## गेहूं पिसवाने गई महिला से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कारोई थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके परिचित ने मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के बहाने जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान वहां पहुंचे चार अन्य व्यक्तियों ने भी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने इन पांचो के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है।

कारोई थाना पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह शनिवार शाम सात बजे के आसपास वो अपने परिचित राजू जाट के साथ उसकी मोटरसाइकिल पर बैठकर गेहूं पिसवाने के लिए गई थी।

गेहूं चक्की पर रखने के बाद महिला ने राजू से घर छोड़ने के लिए कहा तो उसने महिला को मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने की बात कह कर अपने साथ जंगल की ओर ले गया। जहां राजू ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच वहां चार अन्य लोग आए उन्होंने भी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता थाने में इस घटना को लेकर मामला दर्ज करवाने पहुंची।